दिन– सोमवार दिनांक– 18 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी होंगे। भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कल नई दिल्ली के पार्टी मुख्यालय में भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद इसकी घोषणा की। श्री नड्डा ने कहा कि गठबंधन के सभी सहयोगियों ने इस निर्णय का समर्थन किया है। एनडीए के प्रमुख घटक दल जदयू ने सी.पी. राधाकृष्णन को उम्मीदवार नामित करने का स्वागत किया है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि चुनाव में उनकी पार्टी श्री राधाकृष्णन का समर्थन करेगी। श्री कुमार ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं भी दी। लोजपा रामविलास और हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा ने भी श्री राधाकृष्णन की उम्मीदवारी के समर्थन की घोषणा की।

———————————————————————

लोकसभा में आज अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री कैप्टन शुभांशु शुक्ला पर विशेष चर्चा होगी। इसमें वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के निर्माण के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम पर महत्वपूर्ण चर्चा होगी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी।

———————————————————————

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने स्पष्ट किया है कि विपक्षी नेताओं के आरोप निराधार हैं। श्री कुमार ने कल नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपने आरोपों के समर्थन में हलफनामा देने की चुनौती भी दी। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर वे हलफनामा दें या सार्वजनिक तौर पर माफी मांगे। इधर, चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश के अनुपालन के क्रम

में राज्य में प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची से बाहर किए गए पैंसठ लाख से अधिक मतदाताओं की सूची जारी कर दी है। यह सूची भी राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सीईओ की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

———————————————————————

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अपनी मतदाता अधिकार यात्रा के दूसरे दिन आज औरंगाबाद जिले के देव पहुँचे। यात्रा का उद्देश्य राज्य में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया में त्रुटियों को उजागर करना है। श्री गांधी आज गुरारू, बगडीहा, दाउदनगर और पंचानपुर का दौरा करते हुए गयाजी पहुंचेंगे। जहां खालिश पार्क में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर योग्य मतदाताओं के नाम प्रारूप सूची से जानबूझ कर हटाने का आरोप लगाया है। यात्रा में राजद नेता तेजस्वी यादव, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी सहित इंडिया गठबंधन के कई वरिष्ठ नेता भी भाग ले रहे हैं। सोलह दिनों तक चलने वाली यह यात्रा राज्य के बाईस ज़िलों से होकर गुज़रेगी और पहली सितंबर को पटना के गांधी मैदान में समाप्त होगी।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना स्थित ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान का दौरा किया। इस दौरान श्री कुमार ने विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को व्यवस्था में व्याप्त कमियों को दूर करने के निर्देश दिया।

———————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में मानसून की सक्रियता धीमी पड़ जाने से बारिश में कमी दर्ज की गई है। हालांकि राज्य के दक्षिण—पश्चिम भागों में मानसून सिस्टम एक बार फिर मजबूत हो रहा है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद के कुटुंबा में सबसे अधिक अस्सी दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज गोपालगंज, पूर्वी तथा पश्चिमी चंपारण, अररिया, किशनगंज, औरंगाबाद, रोहतास समेत

राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य, उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पश्चिम भाग में अधिकतर स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और तेज हवा चलने की आशंका है।

———————————————————————

सारण जिले के मढ़ौड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत तकीना गांव में वज्रपात की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई।

———————————————————————

अररिया जिले के बाउंसी थाना क्षेत्र के फरकिया गांव में पोखर मे स्नान के दौरान डूबने से एक किशोर की मौत हो गई।

———————————————————————

मुंगेर जिले में प्रसिद्ध लोक पर्व मनसा बिचारी पूजा उल्लासपूर्वक मनाया जा रहा है। इसके तहत श्रद्धालुओं ने देर रात बाबा लखेन्द्र की बारात धूमधाम से

———————————————————————

समाप्त